# जयपुर और करौली में करोना से दो लोगों की मौत

## राज्य में शुक्रवार को 81 नए संक्रमित मिले हैं

-कार्यालय संवाददाता-


**जयपुर।** प्रदेश में शुक्रवार को करोना संक्रमण से जयपुर और करौली में दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं इस बीच राज्य में 81 नए संक्रमित मिले हैं। उधर प्रदेश भर में पिछले चौबीस घंटों में 191 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 826 रह गए हैं।

- **जयपुर में 16 नए संक्रमित पाए गए हैं।**
- **प्रदेश में पिछले 24 घंटों में 191 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 826 रह गए हैं।**

प्रदेश में शुक्रवार को 17 जिलों में 81 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले गुरूवार को 70 रोगी मिले थे। इधर राजधानी जयपुर में आज 16 नए मरीज सामने आए हैं। इसके अलावा प्रतापगढ़ में 12, अलवर में 10, सीकर व दौसा में 6-6, उदयपुर में 5, जोधपुर में 4, राजसमंद, बीकानेर, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर व सिरोही में 3-3, बूंदी व करौली में 2-2 तथा अजमेर, श्रीगंगानगर और कोटा में एक-एक नया संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में जांच के लिए 12 हजार 316 सैम्पल लिए गए हैं।

प्रदेश में शुक्रवार को भी नए संक्रमितों से दोगुना से अधिक रिकवरी हुई है। इस दौरान 191 मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ ही राज्य में एक्टिव केस घटकर 826 रह गए हैं। जयपुर में भी आज 37 रोगियों के रिकवर होने से 196 एक्टिव केस रह गए हैं। प्रदेश में भले ही नए संक्रमितों की संख्या में कमी आ रही लेकिन इस बीमारी से होने वाली मौतों का सिलसिला अभी भी जारी है। पिछले चौबीस घंटों में करोना से जयपुर और करौली में 1-1 संक्रमित की मौत हो गई है। इसके साथ ही अब तक राज्य में इस बीमारी से 9639 लोगों की मौत हो चुकी है।

राजधानी जयपुर में शुक्रवार को 12 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 4 नए मरीज मालवीय नगर में पाए गए हैं। सांगानेर में 2, बनीपार्क, बस्सी, गोपालपुरा, जगतपुरा, कालवाड़ रोड, करधनी, मानसरोवर, फागी, राजापार्क और टोंक फाटक इलाके में 1-1 नया संक्रमित मिला है।



जयपुर में गुरूवार को दिनभर बारिश का दौर जारी रहा। रुक-रुक कर हो रही बारिश से वाहन चालक काफी परेशान रहे लेकिन तापमान में गिरावट से लोगों को गर्मी से राहत मिली।

## ज्वैलरी व्यवसायी से साढ़े 47 लाख रुपए की धोखाधड़ी

**जयपुर (कासं)।** रामगंज इलाके में ज्वैलरी व्यवसायी से व्यापार में 47.5 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। जब व्यवसायी ने अपने पैसे मांगे तो आरोपी ने गला दबाया और सिर पर गोली मारने की धमकी दे डाली। इस संबंध में थाने में मामला दर्ज करवाया गया है।

- **पैसे मांगने पर बदमाश ने गला दबाया और गोली मारने की धमकी दी**

पुलिस के मुताबिक इस संबंध में मैसर्स हिमालय जैम्स फ्रूट मण्डी जौहरी बाजार के राकेश घीया ने बिसातियो का मोहल्ला रामगंज बाजार निवासी अकरम भाई के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया है। जिसमें बताया कि उसका हिमालया जैम्स के नाम से जौहरी बाजार में सेमी प्रिशियस रफ का व्यापार है। राकेश ने बताया कि वह कई साल से अकरम भाई को जानते है। उन्होंने अकरम भाई को ओपल वजन 365 किलो (तेरह हजार रुपए) प्रति किलो के हिसाब से 21 मई 2019 को बेचा था। इस व्यापार की कुल रकम 47 लाख 45 हजार रुपए थी। व्यापार इसी मोहल्ले के हनीफ भाई की मौजूदगी में तय हुआ था। अकरम ने कहा था कि वह व्यापार के पैसे 3 महीने में देना शुरू कर देगा और 6-7 महीने में पूरा हिसाब चुकता कर देगा। अगर वह हिसाब चुकता नहीं करता है तो पूरा माल वापस लौटा देगा।

## क्या सरकार ताली बजाने के लिये घोषणाएं करती है : गुलाब चंद कटारिया

**जयपुर, (वि.सं.)।** विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि जब सरकार के पास पर्यटन विकास कोष में 268 करोड़ रुपये सरकार के पास उपलब्ध थे तो चार वर्ष में केवल 4.68 करोड़ रुपये ही क्यों खर्च हुए। क्या सरकार ताली बजाने के लिये ही घोषणाएं करती है। पैसा उपलब्ध होते हुए भी खर्च नहीं किया। इस पर मंत्री मुरारी लाल मीणा ने कहा कि पिछले साल करोना के कारण सबसे ज्यादा असर पर्यटन विभाग पर ही हुआ था। इस कारण खर्च नहीं हो पाया।

- **'जब सरकार के पास पर्यटन विकास कोष में 268 करोड़ रुपये उपलब्ध थे तो चार वर्ष में केवल 4.68 करोड़ रुपये ही क्यों खर्च हुए'**
- **मंत्री मुरारी लाल मीणा ने कहा कि पिछले साल करोना के कारण सबसे ज्यादा असर पर्यटन विभाग पर ही हुआ था। इस कारण खर्च नहीं हो पाया। अब तेजी से खर्च कर देंगे**

मीणा ने कहा कि पर्यटन विकास कोष में वर्ष 2022-23 में एक हजार रूपए आवंटित किए गए हैं, जिसमें से 600 करोड़ रुपए पर्यटन की आधारभूत संरचना को बढ़ाने के लिए तथा 400 करोड़ रूपए राज्य को पर्यटन डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए ब्रांडिंग सहित मीडिया प्लानिंग के लिए आवंटित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि राज्य में पर्यटन को विकास के लिए वर्ष 2020-21 में 100 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया था जिसे वर्ष 2021-22 में 500 करोड़ तथा वर्ष 2022-23 में एक हजार करोड़ रूपए कर दिया गया है।

इससे पहले विधायक अशोक लाहोटी ने प्रश्न किया कि आपने कुल खर्च बताया है वह केवल डेढ़ फीसदी है। इसमें कुछ मद हैं जिन पर खर्चा बता रहे हैं। तीर्थस्थल पर जीरो। चित्तौड़गढ़ में जीरो, शाहपुरा में जीरो, जयपुर में जीरो, बीकानेर में जीरो, नागौर में जीरो। इनमें एक रुपये भी खर्च नहीं किये गये। उन्होंने पूछा कि जब चार साल में मात्र 4.68 करोड़ खर्च हुए हैं तो एक हजार करोड़ रुपये कब तक खर्च करोगे। इस पर मंत्री ने कहा कि करोना के कारण ट्यूरिज्म सबेस ज्यादा प्रभावित हुआ था। और ज्ञी कइ ऐसे कारण थे। नई घोषणा की गई थी। इन सारी प्रक्रियाओं में समय लगा। आने वाले समय में तेजी से खर्चा कर देंगे।

## चारागाह भूमि का आवंटन करने पर मांगा जवाब

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने चारागाह भूमि का आवंटन सामाजिक संस्था को करने पर राजस्व सचिव और जयपुर कलेक्टर सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस प्रकाश गुप्ता और जस्टिस अनूप ढंड ने यह आदेश रवि कुमावत की जनहित याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता पीसी भंडारी ने अदालत को बताया कि वर्ष 2011 में सुप्रीम कोर्ट ने तय किया था कि चारागाह भूमि का आवंटन अन्य प्रयोजन के लिए नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद भी राज्य सरकार ने 25 अप्रैल 2011 को एक अधिसूचना जारी कर कलेक्टर को भूमि आवंटन का अधिकार दे दिया। याचिका में कहा गया कि चारागाह भूमि समाप्त होने से इकोलॉजिकल बैंलेस बिगड जाएगा और बेजुबान पशुओं की मौत हो जाएगी। इसके अलावा कानूनन चारागाह भूमि का ना तो किसी को आवंटित किया जा सकता है और ना ही इसका नियमितीकरण या अन्य प्रयोजन के लिए उपयोग किया जा सकता है। याचिका में कहा गया कि जिले के नरेना कस्बे की चारागाह भूमि पर एक सामाजिक संस्था ने कब्जा कर रखा है। वहीं अब इस भूमि को राज्य सरकार कब्जाधारी सामाजिक संस्था को आवंटित किया जा रहा है। याचिका में कहा गया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री से लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को शिकायत भेजी गई है, लेकिन संस्था के दबाव में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## लम्पी के विरोध में शहीद स्मारक पर किया प्रदर्शन

**जयपुर।** गोरक्षा संघर्ष समिति चौमूं के तत्वाधान लम्पी बीमारी के विरोध विधानसभा घेराव के लिए बड़ी संख्या में शहीद स्मारक पर एकत्रित हुए। समितिसंयोजक शंकर गोरा ने बताया की विधानसभा घेंराव के लिए निकले के दोरान पुलिस ने बैरिकेड लगाकर बल प्रयोग किया। इस दोरान क़रीब आधे घंटे तक पुलिस के ने बल प्रयोग किया क़रीब 7 गोरक्षको के चोट आई है। एक गो-रक्षक के आँख पर गंभीर चोट आई है।

- **पुलिस ने किया हल्का बल प्रयोग, कई लोगों के आई चोटें**

पुलिस ने शंकर गोरा, बंशीधर, सुनील जाँगिड, श्याम चोपड़ा, गजेंद्र राठौर, अमित कुमावत, शिवा यादव सहीत 16 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर हरमाडा थाने में ले जाया गया। शंकर गोरा ने बताया की राजस्थान में गौ माता लम्पी रोग से अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है। राजस्थान का शायद ही कोई गांव होगा जहां गोवंश इस रोग से अछुती है हजारों हजार की संख्या में गोवंश काल ग्रसित हो चुकी है। गौ माता की यह पीड़ा असहनीय है। दुर्भाग्यपूर्ण है की आपके लिए राजनीतिक रूप से लाभप्रद ना होने के कारण इस रोग के विरुद्ध संघर्ष में राज्य सरकार द्वारा अपेक्षित प्रयास नहीं किए जा रहे हैं जिससे गौमाता की आत्मा भी सोच रही है कि काश मेरा भी वोट होता। समिति ने प्रमुख माँग की हैं । उनमें प्रत्येक मवेशी की मोत पर पशुपालक को 50,000 रुपए का मुआवजा मिले। गौशालाओं की अनुदान राशि बढ़ाई जाए। संक्रमित गायों के लिए आइसोलेशन सेंटर खोले जाएं। मृतक गायों के लिए अंत्येष्टि का उचित प्रबंध किया जाए। संक्रमण रोकने के लिए पंचायत स्तर पर प्रत्येक गांव में फागिंग में छिड़काव किया जाए। गोरा ने चेतावनी दी सरकार ने मांगे नहीं मांगी तो दुबारा जयपुर में कूच किया जाएगा। इस दौरान उप प्रधान प्रतिनिधि जयप्रकाश चौधरी, पूर्व सरपंच सुरेंद्र बोचलिया, कालाडेरा कॉलेज छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष अरविंद यादव, महेंद्र यादव, सुरेश गोदरा अनिल निठारवाल, जे.की बागड़ा आदि उपस्थित रहे।

## कोटा के तीन बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर (कासं)।** करधनी पुलिस ने तीन शातिर बदमाशों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। यह गैंग वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रही थी। डीसीपी वंदिता राणा ने बताया कि आरोपी शरणजीत सिंह, प्रीतम गोस्वामी और रुद्रेश मीणा को गिरफ्तार किया है। करधनी थानाधिकारी बनवारी लाल मीणा के मुताबिक पुलिस को कुछ बदमाशों के गोकुलपुरा फाटक के पास अवैध हथियार लेकर घूमने की सूचना मिली थी।

सूचना को पुख्ता करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस ने तीन युवकों की घेराबंदी कर पूछताछ की। पूछताछ में संदेह होने पर जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास एक देशी पिस्टल, 2 देशी कट्टे, 2 मैगजीन और 8 जिंदा कारतूस बरामद किए। उन्होंने बताया कि ये बदमाश कोटा और कोटा ग्रामीण में फायरिंग की वारदातों में वांछित रहे है। पुलिस ने बचने के लिए ये यहां फरारी काट रहे थे। फिलहाल पुलिस इन बदमाशों से अवैध हथियारों के संबंध में पूछताछ कर रही है। माना जा रहा है शहर में अवैध हथियार सप्लाई करने वाले नेटवर्क का खुलासा हो सकता है ।

## 16 नवीन पदों का सृजन

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग में नवगठित केन्द्रीय पेंशन वितरण एवं मॉनिटरिंग सैल के लिए 16 नवीन पदों के सृजन को मंजूरी प्रदान की है। गहलोत की मंजूरी से विभाग में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड-1 व कनिष्ठ लेखाधिकारी के 8-8 पदों का सृजन हो गया है।

## रोहित जोशी की अग्रिम जमानत रद्द करने से इनकार

**जयपुर, (का.सं.)।** दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट स्थित एनडीपीएस मामलों की विशेष अदालत ने मंत्री महेश जोशी के बेटे रोहित जोशी को दुष्कर्म मामले में मिली अग्रिम जमानत को रद्द करने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में दिल्ली पुलिस की ओर से दायर अर्जी को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने रोहित जोशी के खिलाफ ऐसी ठोस साक्ष्य पेश नहीं की है, जिससे साबित हो कि उसने अग्रिम जमानत का दुरुपयोग किया हो।

दिल्ली पुलिस की ओर से कहा गया कि आरोपी रोहित प्रभावशाली है और वह पीड़िता को धमका रहा है। आरोपी का संबंध हार्डकोर अपराधियों से भी है। इसलिए पीडिता की सुरक्षा कारणों से रोहित को दी गई अग्रिम जमानत को रद्द किया जाए। वहीं आरोपी की ओर से कहा गया कि वह जांच में सहयोग कर रहा है और उसने अग्रिम जमानत का दुरुपयोग नहीं किया है। इसके अलावा राजस्थान हाईकोर्ट ने पीडिता को सुरक्षा मुहैया कराने के निर्देश दे रखे हैं। गौरतलब है कि रोहित जोशी के खिलाफ पीडित युवती ने मई महीने में दिल्ली पुलिस को रिपोर्ट दी थी। इसमें कहा था कि रोहित ने शादी का झांसा देकर जनवरी 2021 से अप्रैल 2022 तक उसका शारीरिक शोषण किया है। एफआईआर में कहा कि रोहित मंत्री का बेटा है और उसे राजस्थान पुलिस पर भरोसा नहीं है।

## जयपुर शहर की चारदीवारी में पर्याप्त दबाव से होगी जलापूर्ति : सुबोध अग्रवाल

**जयपुर, (का.सं.)।** जयपुर शहर के चारदीवारी क्षेत्र एवं टेल एण्ड के क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की समस्या का निराकरण जल्द होगा। शहर के ट्रांसपोर्ट नगर, ब्रह्मपुरी एवं न्यू फिल्टर हाउस जैसे टेल एण्ड के क्षेत्रों में पर्याप्त दबाव से बीसलपुर के पानी की आपूर्ति भी हो सकेगी। साथ ही, रामनिवास बाग पम्पिंग स्टेशन पर लोड भी कम होगा। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने जयपुर-बीसलपुर पेयजल परियोजना की सेन्ट्रल ट्रांसफर मैन पाइप लाइन के पुनर्गठन कार्यों के लिए 69 करोड़ 58 लाख रूपए की निविदा स्वीकृत कर दी है। योजना के कार्यादेश इसी माह जारी कर एक वर्ष में कार्य पूरे किए जाएंगे। अतिरिक्त मुख्य सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल डॉ. सुबोध अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में इसकी मंजूरी दी गई। इसके अलावा जयपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति के लिए जलदाय विभाग ने करीब 28 करोड़ रूपए की जलापूर्ति योजनाओं की निविदाओं को भी स्वीकृति दी है।

- **जयपुर-बीसलपुर पेयजल परियोजना पुनर्गठन की 69.58 करोड़ की निविदा स्वीकृत**

जयपुर-बीसलपुर पेयजल परियोजना पुनर्गठन कार्यों के तहत 11 मिलियन लीटर क्षमता का स्वच्छ जलाशय भूजल विभाग के झालाना कैम्पस में प्रस्तावित है। ओटीएस चौराहे से ट्रांसपोर्ट नगर ट्रक स्टेण्ड हैडवर्क्स ब्रह्मपुरी हैडवर्क्स को फीड करते हुए न्यू फिल्टर प्लांट जयपुर-दिल्ली बाईपास रोड तक करीब 18 किलोमीटर तक पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इस योजना से जयपुर-दिल्ली बाईपास, ट्रांसपोर्ट नगर, बासबदनपुरा, ईदगाह क्षेत्र, कर्बला, ब्रह्मपुरी, गुर्जरघाटी, कागदीवाडा, जयसिंहपुरा खोर एवं आमेर आदि क्षेत्रों में वर्ष 2051 तक की मांग को ध्यान में रखते हुए करीब 8 लाख की आबादी को लाभ मिलेगा।

## जांच पूरी करने के लिए मांगा समय

**जयपुर, (का.सं.)।** एनआईए मामलों की विशेष अदालत में एनआईए ने उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड मामले में आरोप पत्र पेश करने के लिए 90 दिन का समय और मांगा है। एनआईए की ओर से कहा गया कि प्रकरण में जांच जारी है और कुछ आरोपियों की तलाश की जा रही है। ऐसे में अनुसंधान पूरा होने में समय लगने की संभावना है। वहीं सुनवाई के दौरान एनआईए की ओर से कडी सुरक्षा के बीच आरोपियों को अदालत में पेश किया गया। इस पर अदालत ने आरोपियों की न्यायिक अभिरक्षा की अवधि को 21 अक्टूबर तक बढ़ा दिया है। सुनवाई के दौरान आरोपियों की ओर से अब तक किसी भी अधिवक्ता ने अपना वकालतनामा पेश नहीं किया है।

- **एनआईए मामलों की विशेष अदालत में कन्हैयालाल हत्याकांड मामले में एनआईए ने 90 दिन का समय और मांगा**

गौरतलब है कि उदयपुर में टेलर का काम करने वाले कन्हैयालाल की दुकान पर आरोपियों ने कई दिनों तक रेकी की थी। इसके बाद दो आरोपी ग्राहक बनकर वहां पहुंचे थे। वहीं कपडों की नाप देने के बहाने मौका पाकर अभियुक्तों ने कन्हैयालाल की निर्मम हत्या कर दी थी। पुलिस ने गौस मोहम्मद और रियाज अत्तारी का गिरफ्तार किया था। इसके बाद मामले की जांच एनआईए को सौंपी गई थी। एनआई ने मामले में मोहम्मद रियाज, फरहाद शेख, आसिफ, मोहम्मद मोहसिन, वसीम अली, जावेद व मोहसिन खान को गिरफ्तार किया था।

## नमो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया सतीश पूनिया ने



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के तहतनरेंद्र मोदी के कृतित्व, व्यक्तित्व एवं मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित नमो प्रदर्शनी का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी 4 दिन तक पार्टी कार्यकर्ताओं और आमजन के लिए आयोजित होगी। प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा की मुख्यमंत्री के चेहरे में बदलाव का कोई असर नहीं होगा। कांग्रेस के खिलाफ मुद्दे जनमानस पर छा चुके हैं। अब किसी तरह का तंत्र-मंत्र, काला जादू, अनुष्ठान, कांग्रेस की एन्टी इनकंबेंसी बदल नहीं पाएगा। प्रदर्शनी के उदघाटन के अवसर पर डॉ. पूनिया के साथ पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार अजयपाल सिंह, माधोराम चौधरी, प्रदेश मंत्री महेन्द्र यादव, श्रवण सिंह बगड़ी, ओबीसी मोर्चा ओमप्रकाश भड़ाना, जयपुर शहर अध्यक्ष राघव शर्मा, जयपुर जिला प्रमुख रमा देवी, जयपुर ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर, डिप्टी मेयर पुनीत कर्नावट इत्यादि उपस्थित रहे।

## उत्तरकाशी में फंसे राजस्थान के सभी तीर्थयात्री सुरक्षित

**जयपुर।** उत्तराखंड में अतिवृष्टि से उत्तरकाशी में फंसे राजस्थान के सभी 400 तीर्थयात्री सुरक्षित है। गंगोत्री धाम से दर्शन कर लौट रहे राजस्थान के करीब 400 यात्रियों के उत्तराखण्ड राज्य के उत्तरकाशी जिले में गबनानी के समीप भूस्खलन के कारण फंसे होने की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसडीआरएफ राजस्थान सुष्मित बिश्वास द्वारा उत्तराखण्ड में अपने बैचमेट एवं स्थानीय प्रशासन से वार्ता कर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुँचवाया एवं रहने एवं खाने की व्यवस्थाएं भी करवाई।

एसडीआरएफ के कमाण्डेन्ट राजकुमार गुप्ता ने बताया कि गुरुवार रात एडीजी बिष्वास को कार्यालय मुख्यमन्त्री निवास से गंगोत्री धाम उत्तराखण्ड में दर्शन कर राजस्थान लौट रहे करीब 400 यात्रियों के उत्तरकाशी जिले के गबनानी क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण फंसे हुए होने की सूचना मिली। सूचना की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने अविलम्ब उत्तराखण्ड में अपने समकक्ष पुलिस अधिकारियों तथा अपने बैचमेट्स दीपम सेठ एवं डॉ पी वी के प्रसाद से सम्पर्क कर सम्पूर्ण घटनाक्रम की जानकारी प्राप्त की। उत्तराखण्ड प्रशासन द्वारा बताई जानकारी के अनुसार क्षेत्र में अतिवृष्टि के कारण कल शाम से ही उत्तरकाशी एवं हर्षिल (हलगू गार्ड एवं गबनानी) के बीच भूस्खलन से सडक मार्ग अवरूद्ध हो गया है। राजस्थान समेत अन्य राज्य के अनेक नागरिक घटनास्थल पर फंसे हुए है।

## विधानसभा सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**जयपुर, (वि.सं.)।** विधानसभा को शुक्रवार को अनिश्चित काल के लिये स्थगित कर दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने पन्द्रहवीं राजस्थान विधानसभा का सप्तम सत्र शुक्रवार को सायं 6.25 बजे अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**आम सूचना** दि. 23.09.2022

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पुरुषोत्तम दास स्वामी पुत्र श्री गंगा दास स्वामी के मकान नंबर 31/251, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर में स्थित है। उक्त सम्पत्ति के चेन ऑफ दस्तावेज में से मूल आवंटन पत्र, भौतिक कब्जा पत्र, नियमितीकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र व कार्यालय आदेश आदि गुम हो गये हैं। जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट FIR दिनांक 01.08.2022 को ऑनलाइन कर दी गयी है जिसके L.R. No. 1523924/ 2022 है। उक्त सम्पत्ति को भारतीय स्टेट बैंक से लोन लेकर गिरवी रख रहे हैं। किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो 3 दिवस में लिखित रूप से सम्पर्क करें।

पुरुषोत्तम दास स्वामी, मो.- 9455008558

**आम सूचना** यह कि मेरे अभिभाष्य छीतर लाल सुपुत्र लालाराम व पत्नी श्रीमती लाड़ा देवी पत्नी छीतर लाल निवासी ग्राम-सिराणी, देवन्दा की ढाणी, तहसील सांगानेर, जिला-जयपुर, राजस्थान की कोई सन्तान नहीं होने की वजह से मेरे बड़े भाई श्री सुवालाल व उनकी पत्नि श्रीमती तीजा देवी की बड़ी सन्तान श्री बाबूलाल चौधरी को गोद लिया था यह कि अब बाबूलाल चौधरी मेरे अभिभाष्य के कहने सुनने मे नही है तथा पृथक रहता है इसलिए उसको तुरन्त प्रभाव से अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्तियों से बेदखल करते है यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्था मेरे अभिभाष्य के उक्त गोद आये पुत्र श्री बाबूलाल चौधरी से किसी भी प्रकार का संव्यावहार लेन देन इत्यादि करता है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी सनद रहे।

दिनांक: 23.09.2022, जयपुर भवदीय (चैनाराम चौधरी), एडवोकेट, मो. नं. 9414772457 ए-23, चित्रकूट स्टेडियम, चित्रकूट, वैशाली नगर, जयपुर, राजस्थान

**न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम संख्या 1 हिण्डौन सिटी**

**नोटिस हरखास व आम**

पीठासीन अधिकारी श्री.....श्रीमती सरसन देवी बनाम हरखास व आम आदि प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम बाबत जारी किये जाने उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र मु.नं. 12/2022 नोटिस बनाम हर खास व आम नाम.........पुत्र.........जाति- निवासी...... हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीया श्रीमती सरसन देवी बेबा स्व. प्रेमसिंह उम्र 65 साल जाति गुर्जर निवासी तिघरिया तहसील टोडाभीम जिला करौली राज. ने इस न्यायालय में अपने पति एक्स सैनिक नं. 2954074 एल. सिपाही प्रेमसिंह पुत्र भूरासिंह जाति गुर्जर नि. रणमलपाडा तिघरिया तह. टोडाभीम जिला करौली राज. की विधवा मानते हुये प्रेम सिंह की मृत्यु के बाद मिलने वाली पेंशन हेतु प्रार्थीया के हक में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने हेतु पेश किया है। लिहाजा जिस किसी व्यक्ति को कोई अपत्ति या उज्र हो तो वह दिनांक 27.09.2022 को समय 10 ए.एम. बजे असालतन/वकालतन उपस्थित होकर उज्र पेश करे। अन्यथा एक पक्षीय सुनवाई कर प्रार्थीया के हक में एक्स सैनिक नंबर 2954074 एल एक्स सिपाही प्रेमसिंह की विधवा के रूप में उसकी पेंशन हेतु प्रार्थीया के हक में उत्तराधिकारी घोषित कर दिया जावेगा। अत: आज दिनांक 15.9.2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

आज्ञा से सीनियर रीडर

(मुहर) अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम सं.-1 हिण्डौन सिटी

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 100/2022

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री कैलाश चन्द मीणा पुत्र स्व. श्री रामनिवास मीणा निवासी ग्राम गुढा मीणा पोस्ट लालगढ, तहसील बस्सी जिला जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्राचीन श्मशानेश्वर भैरव मंदिर ट्रस्ट, ग्राम गुढा मीणा, पोस्ट लालगढ तहसील बस्सी जिला जयपुर प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 22.09.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 30.11.2022

(मोहर अदालत) रतनलाल योगी सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम संजय अग्रवाल से बदलकर संजय कुमार अग्रवाल पुत्र शंकर लाल अग्रवाल रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। पता- प्लॉट नं.- ई-14, मौजी कॉलोनी, मालवीय नगर, जयपुर

मेरी दसवीं/बारहवीं की अंकतालिका में मेरा नाम ऋषिकान्त पुरोहित एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम पुरोहित ऋषि दर्ज है। उक्त दोनों नाम मेरे है। भविष्य में मुझे ऋषिकान्त पुरोहित व पुरोहित ऋषि पुत्र श्री कमलकान्त पुरोहित निवासी-फ्लैट नं.एस-1, लॉर्ड कृष्ण रेजीडेंस, मानसरोवर, जयपुर के नाम से जाना जावें।

**खोया पाया**

मेरे मकान नं. 15, उमराव विहार कॉलोनी, नाई की थड़ी, चावड का मण्ड, जयपुर का मूल पट्टा व अन्य दस्तावेज और बिजली का बिल, अन्य कागजात खो गये। मिलने पर सूचित करें। रेखा साहू पत्नी रोशनलाल साहू- 9316693030, 9887454510

मेरे प्लाटनं-बी-76, रामनगरीया, जेडीए स्कीम, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर के मूल पट्टा एवं दस्तावेज़ राजापार्क, जयपुर में कही गिर गए है। मिलने पर सूचित करें। साक्षी ग्रोवर 9829034534

मेरे स्वामित्व के प्लॉट- 22-24, स्वर्णभूमि स्कीम, जयसिंहपुरा खोर, जयपुर का असल आवंटन पत्र, रसीद नम्बर- 21908 दिनांक 19-09-1997, साईट प्लॉन जो मो. शाकिर खान नाम से अचरोल गृह निर्माण सहकारी समिति लि. का, दो असल इकरानामें कही खो गये है मिलने पर सूचित करे महबुब पुत्र गरीबउल्लाह 8058977656